आकाशवाणी
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 27.10.2025
समय 1830

**मुख्य समाचार :–**

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सचिवालय में सतर्कता जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कहा– राज्य में भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
- राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने कहा– 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कृषि की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने देहरादून में ''सांसद खेल महोत्सव' का शुभारंभ किया। कहा– प्रदेश सरकार, राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।
- **और,** इस वर्ष केदारनाथ यात्रा में महिला स्वयं सहायता समूहों ने 13 लाख रुपए का व्यवसाय किया। वोकल फॉर लोकल को मिला बढ़ावा।

--------------

**<u>सतर्कता जागरुकता कार्यक्रम</u>**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज सचिवालय में ''सतर्कता–हमारी साझा जिम्मेदारी'' थीम पर आधारित जन जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को सत्यनिष्ठा की प्रतिज्ञा भी दिलाई। उन्होंने कहा कि "एक भारत, श्रेष्ठ भारत" की भावना को साकार करने वाले लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल के जन्मदिवस के उपलक्ष्य में यह जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति के साथ संकल्पित होकर कार्य कर रही है और राज्य में भ्रष्टाचार को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यह जन जागरूकता कार्यक्रम प्रदेशभर में नौ नवम्बर– राज्य स्थापना दिवस तक चलाया जाएगा।

## राज्यपाल

वीरचंद्र सिंह गढ़वाली उत्तराखंड औद्यानिक एवं वानिकी विश्वविद्यालय, भरसार के वानिकी महाविद्यालय, रानीचौरी, नई टिहरी में 14वां विचार–मंथन सत्र आज से शुरू हो गया। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ने इसका शुभारंभ किया। दो दिनों तक चलने वाले इस विचार–मंथन में देशभर के 10 से अधिक राज्यों के कृषि विश्वविद्यालयों के कुलपति, कृषि वैज्ञानिक और विशेषज्ञ, कृषि, पारिस्थितिकी और पर्यटन को लेकर चर्चा करेंगे। इस अवसर पर राज्यपाल ने कहा कि 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने में कृषि की सबसे महत्वपूर्ण भूमिका होगी। उन्होंने कहा कि कृषि, पारिस्थितिकी और पर्यटन के लिए यह सम्मेलन मील का पत्थर साबित होगा।

## प्रगतिशील किसान

देहरादून जिले के 28 प्रगतिशील किसानों को गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर में पांच दिवसीय संरक्षित खेती पर प्रशिक्षण दिया जाएगा। कृषि एवं उद्यान मंत्री गणेशी जोशी ने किसानों की बस को आज देहरादून से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के व्यावहारिक प्रशिक्षण से किसान, नई तकनीकों से परिचित होकर अपनी आय में वृद्धि कर सकते हैं। श्री जोशी ने कहा कि पॉलीहाउस के माध्यम से सब्जी उत्पादन को बढ़ावा देना राज्य सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है।

## सांसद खेल महोत्सव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज राजीव गाँधी नवोदय विद्यालय, तपोवन, देहरादून में ''सांसद खेल महोत्सव' का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में आयोजित हो रहा ''सांसद खेल महोत्सव'', खेल प्रतिभाओं को गाँव से राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने का बड़ा अभियान है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत, खेलों के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रहा है और वैश्विक मंच पर अपनी विशिष्ट पहचान बना रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार, राज्य में खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए लगातार प्रयासरत है।

प्रदेश में खेल महोत्सव तीन अलग–अलग चरणों में आयोजित किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य ''फिट इंडिया–स्पोर्ट्स इंडिया–स्ट्रॉन्ग इंडिया'' के संदेश को गाँव–गाँव तक पहुंचाने के साथ ही स्थानीय, पारंपरिक और लोक खेलों को बढ़ावा देना है।

## महिला समूह आमदनी

केदारनाथ धाम की यात्रा न केवल धार्मिक दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है, बल्कि स्थानीय ग्रामीण अर्थव्यवस्था और आजीविका का भी प्रमुख साधन बन चुकी है। इस वर्ष भी रुद्रप्रयाग जिले के विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों ने अपनी मेहनत, लगन और आत्मविश्वास से आजीविका के नए आयाम स्थापित किए हैं। केदारनाथ यात्रा में इस वर्ष महिला समूहों ने विभिन्न उत्पादों की बिक्री कर 13 लाख रुपए का व्यवसाय किया है। हमारे रुद्रप्रयाग संवाददाता विनय बहुगुणा ने बताया कि केदारनाथ यात्रा को स्वरोजगार से जोड़ने के लिए इस वर्ष विभिन्न महिला स्वयं सहायता समूहों को रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने भी काफी प्रेरित किया।

इस वर्ष केदारनाथ यात्रा में विभिन्न स्वयं सहायता समूह से जुड़ी 50 से अधिक महिलाओं ने चौलाई के लड्डू, चूरन, बैग और धूप से बने केदारनाथ प्रसाद सहित अन्य उत्पादों की बिक्री कर 13 लाख रुपये का व्यवसाय किया। महिला समूहों द्वारा इन उत्पादों का निर्माण और विपणन आधुनिक तकनीक और डिजिटल प्लेटफॉर्म से किया गया। समूहों द्वारा ऑनलाइन माध्यम से भी लगभग तीन लाख रुपये का प्रसाद बेचा गया। यह पहल "वोकल फॉर लोकल" अभियान को सशक्त करने के साथ ही महिलाओं की आर्थिक आत्मनिर्भरता की दिशा में एक प्रेरणादायी कदम साबित हुई है। रुद्रप्रयाग के मुख्य विकास अधिकारी राजेंद्र सिंह रावत ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा महिला समूहों को आजीविका से जोड़ने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आगामी यात्रा सीजन में और अधिक महिला स्वयं सहायता समूहों को इस अभियान से जोड़ा जाएगा, ताकि उन्हें आत्मनिर्भर और सशक्त बनाया जा सके।

**आका□ावाणी देहरादून के लिए समाचार कक्ष से रविन्द्र सिंह**

## कुंजापुरी मेला

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज टिहरी जिले के नरेंद्र नगर में 49वें श्री कुंजापुरी पर्यटन एवं विकास मेले का ध्वजारोहण कर उद्घाटन किया। उन्होंने विभिन्न संस्कृतियों, ऐतिहासिक शौर्य गाथाओं, धार्मिक और सामाजिक पहलुओं पर आधारित आकर्षक झांकियों का अवलोकन भी किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने कहा यह मेला बहुत ही ऐतिहासिक और सांस्कृतिक मेला है और प्रदेश के सबसे बड़े मेलों में से एक है। उन्होंने कहा कि मेले हमारी संस्कृति, सभ्यता और सनातन की पहचान हैं और इन्हें अक्षुण्ण बनाए रखना सबका कर्तव्य है।

## गढ़वाल आयुक्त

प्रदेश में राज्य स्थापना दिवस– रजत जयंती उत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। रजत जयंती उत्सव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का कार्यक्रम भी प्रस्तावित है। यह पहला अवसर है, जब देश के प्रधानमंत्री इस महत्वपूर्ण आयोजन में राज्य वासियों का उत्साहवर्धन करेंगे। प्रधानमंत्री के प्रस्तावित उत्तराखण्ड़ दौरे के दृष्टिगत आज गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पाण्डे ने पुलिस–प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ आयोजन स्थल भारतीय वन अनुसंधान संस्थान– एफआरआई, देहरादून का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। श्री पाण्डे ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को इस आयोजन को यादगार बनाने के लिये आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए।

**समाप्त**